**News clippings regarding meetings of "Governing Council of the State Council of Vocational & Industrial Training Society of Himachal Pradesh" and "State Steering Committee (SSC) for monitoring & functioning of the IMCs of the ITIs".**

पंजाब केसरी FRI,30 JUNE 2023
EDITION: MANDI KESARI, PAGE NO. 2

# आयुर्वेद स्पा थैरेपिस्ट (पंचकर्मा) कोर्स की सीटें बढ़ेंगी

## एस.सी.वी.टी. गवर्निंग काऊंसिल बैठक में हुआ तय

सुंदरनगर, 29 जून (सोनी): स्टेट काऊंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग (एस.सी.वी.टी.) सोसायटी की गवर्निंग काऊंसिल की बैठक जो गत दिवस प्रदेश के तकनीकी शिक्षा सचिव डा. अभिषेक जैन की अध्यक्षता में हुई, में एस.सी.वी.टी. के तहत चल रहे पाठ्यक्रमों पर चर्चा व समीक्षा की गई।

बैठक में आयुर्वेद के स्पा थैरेपिस्ट (पंचकर्मा) के एक वर्षीय सर्टीफिकेट कोर्स की सीटों की क्षमता बढ़ाना तय किया गया क्योंकि इस कोर्स से प्रदेश में स्वरोजगार की बड़ी संभावनाएं हैं। तकनीकी शिक्षा डा. अभिषेक जैन ने इसके लिए प्रदेश के तकनीकी शिक्षा निदेशक विवेक चंदेल को आयुष विभाग के साथ संपर्क करके शिमला के क्षेत्रीय आयुर्वेद अस्पताल व पपरोला के राजकीय आयुर्वेदा कालेज सहित प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में इस कोर्स को शुरू करने की संभावना तलाशने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि इसके लिए एक उप-समिति का गठन किया जाए जो उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार आई.टी.आई. के लिए मांग आधारित ट्रेडों की पहचान करेगी। इसी के साथ उन्होंने यह निर्देश भी दिया कि प्रशिक्षुओं के संचार कौशल को बेहतर बनाने पर अधिक जोर दिया जाए ताकि प्रशिक्षण के बाद उन्हें आसानी से रोजगार मिल सके, प्रशिक्षुओं के लिए ऑन द जॉब ट्रेनिंग और औद्योगिक दौरों की व्यवस्था



*सुंदरनगर :एस.सी.वी.टी. गवर्निंग काऊंसिल बैठक में चर्चा करते तकनीकी शिक्षा सचिव डा. अभिषेक जैन, तकनीकी शिक्षा निदेशक विवेक चंदेल व अन्य अधिकारी।* (सोनी)

की जाए ताकि वे औद्योगिक माहौल और कामकाज से परिचित हो सकें। इसी दौरान पिछली बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा की गई तथा वर्ष 2023-24 के बजट का अनुमोदन कर एस.सी.वी.टी. सोसायटी के आय-व्यय पर भी चर्चा की गई और समय के अंदर धनराशि का उपयोग करने का निर्देश देने सहित योजनाओं की उचित निगरानी के लिए त्रैमासिक बैठक निर्धारित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में एच.पी.के.वी.एन. के एम.डी. जतिन लाल, तकनीकी शिक्षा निदेशक विवेक चंदेल व उपनिदेशक संजय गुप्ता भी मौजूद थे।

---

# सभी आयुर्वेदिक अस्पतालों में शुरू होगा स्पा थेरेपिस्ट कोर्स

- **तकनीकी शिक्षा निदेशक को आयुष विभाग के साथ संपर्क कर संभावना तलाशने के निर्देश**
- **उद्योगों की आवश्यकता अनुसार आइटीआइ के लिए मांग आधारित ट्रेड की पहचान करेगी उपसमिति**

**जागरण संवाददाता, मंडी :** स्टेट काउंसिल आफ वोकेशनल ट्रेनिंग (एससीवीटी) सोसायटी की गवर्निंग काउंसिल की छठी बैठक व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संस्थान प्रबंधन समितियों के कामकाज की निगरानी एवं देखरेख के लिए गठित राज्य संचालन समिति (एसएससी) की 16वीं बैठक सचिव तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण डा. अभिषेक जैन की अध्यक्षता में हुई। इसमें पिछली बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई। एजेंडा बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक बजट का अनुमोदन कर एससीवीटी सोसायटी के आय व्यय पर भी चर्चा हुई। डा. अभिषेक जैन ने प्रस्ताव के अनुरूप तय समय के दौरान राशि का उपयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नामांकन बढ़ाने के



स्टेट काउंसिल आफ वोकेशनल ट्रेनिंग व स्टेट स्टीरिंग कमेटी की बैठक में भाग लेते विभिन्न् विभागों के अधिकारी ● जागरण

लिए सूचना शिक्षा संचार (आइइसी) के माध्यम से प्रशिक्षण के साथ अन्य प्रशिक्षण योजनाओं और उनके लाभों के संबंध में अधिक जन जागरूकता पैदा की जाए।

एससीवीटी के तहत चल रहे पाठ्यक्रमों पर भी चर्चा व समीक्षा की गई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अस्पताल शिमला व राजीव गांधी स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल पपरोला में आयुर्वेद स्पा थेरेपिस्ट पंचकर्म के एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स की वार्षिक प्रवेश क्षमता बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने तकनीकी शिक्षा निदेशक विवेक चंदेल को आयुष विभाग के साथ संपर्क कर अन्य आयुर्वेदिक अस्पतालों में भी इस पाठ्यक्रम को शुरू करने की संभावना तलाशने का भी निर्देश दिया क्योंकि इसमें राज्य में स्वरोजगार की बड़ी संभावनाएं हैं।

डा. अभिषेक जैन ने निर्देश दिया कि एक उपसमिति का गठन किया जाए जो उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) के लिए मांग आधारित ट्रेड की पहचान करेगी। प्रशिक्षुओं के संचार कौशल को बेहतर बनाने पर अधिक जोर दिया जाए ताकि प्रशिक्षण के बाद उन्हें आसानी से रोजगार मिल सके। प्रशिक्षुओं के लिए आन द जाब ट्रेनिंग और औद्योगिक दौरों की व्यवस्था की जाए ताकि वे औद्योगिक माहौल और कामकाज से परिचित हो सकें।

*****

**मीटिंग** स्टेट स्टीरिंग कमेटी की 16वीं बैठक में चर्चा के दौरान प्रशिक्षुओं के संचार कौशल को बेहतर बनाने पर जोर

# आवश्यकताओं के अनुसार मांग आधारित ट्रेडों की होगी पहचान

**गगन शर्मा-सुंदरनगर**

स्टेट काउंसिल ऑफवोकेशनल ट्रेनिंग सोसाईटी की गवर्निंग कांउसिल की छठी बैठक तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संस्थान प्रबंधन समितियों के कामकाज की निगरानी एंव देखरेख के लिए गठित स्टेट स्टीरिंग कमेटी की सोहलवीं बैठक डॉ अभिषेक जैन आईएएस सचिव तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एंव औद्योगिक प्रशिक्षण की अध्यक्षता में प्रदेश सचिवालय शिमला में हुई । बैठकों के दौरान अध्यक्ष द्वारा पिछली बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा की गई और फिर एजेंडा बिंदुओं पर एक एक करके चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक बजट का अनुमोदन कर एससीवीटी सोसायटी के आय- व्यय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। चेयरमैन ने प्रस्ताव के अनुरूप समय के अंदर धनराशि का उपयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नामांकन बढ़ाने के लिए आईईसी के माध्यम से प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के साथ साथ अन्य प्रशिक्षण योजनाओं और उनके लाभों के बारे में अधिक जन जागरूकता पैदा की जाए। एससीवीटी के तहत चल रहे पाठ्यक्रमों पर चर्चा एवं समीक्षा की गई । अध्यक्ष ने वर्तमान रीजनल आयुर्वेदा अस्पताल, शिमला राजीव गांधी राजकीय पीजी आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल पपरोला में चल रहे एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स आयुर्वेदा थेरेपिस्ट



पंचकर्मा की वार्षिक प्रवेश क्षमता बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने निदेशक तकनीकी शिक्षा को आयुष विभाग के साथ संपर्क कर अन्य अस्पतालों में इस पाठ्यक्रम को शुरू करने की संभावना तलाशने का भी निर्देश दिया क्योंकि इस पाठ्यक्रम में राज्य में स्वरोजगार की बड़ी संभावनाएं हैं। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि एक उपसमिति का गठन किया जाए जो उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार आईटीआई के लिए मांग आधारित ट्रेडों की पहचान करेगी। उपरोक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षुओं के संचार कौशल को बेहतर बनाने पर अधिक जोर दिया जाए ताकि प्रशिक्षण के बाद उन्हें आसानी से रोजगार मिल सके।

### बैठक में ये गणमान्य रहे मौजूद

इस दौरान जतिन लाल आईएएस मंडी, एचपीकेवीएन विवेक चंदेल डायरेक्टर टेक्निकल एजुकेशन सदस्य सचिव सहित सदस्यों में संजय गुप्ता डिप्टी डायरेक्टर डीटीई, ललित शर्मा प्रिंसिपल आईटीआई सोलन, रजनी संख्यान एससीईआरटी सोलन, अरविंद कुमार शर्मा जीएम सिविल सप्लाई कॉपोरजेशन शिमला, संदीप धवन जीएम एचआरटीसी शिमलाएकेआर चौहान जेसीएफएंड ओडीटीई एपवन गौर टीओ डीटीईएकेसी शर्मा अधिशाषी अभियंता मुख्य अभियंता के साथ नॉन ऑफिशयल में संजय अग्रवाल एमडी जेएमडी पॉलीमर पांवटा साहिब, नरेश चौहान अध्यक्ष, ड्रीम्ज निजी आईटीआईएसंजीव कुमार कौंडल बीबीएन आईएनटीयूसी, संजीव बस्सी अध्यक्ष एचएमएस और कुनल शर्मा हैप्पी प्राइवेट आईटीआई कालोनी सुंदरनगर बैठक में उपस्थित रहे। उपरोक्त सदस्यों के अलावा, निदेशक-कम-प्रधानाचार्य जेएनजीसी सुंदरनगरए प्रधानाचार्य राजकीय बहुतकनीकी संस्थान किन्नौर, सहायक निदेशक प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिमला एवं बल्ह तथा निदेशालय तकनीकी शिक्षा के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।